तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **सहीराम बनाम लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी)** सू.अ. अपील संख्या 18/2024	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
28/03/2024	अपीलार्थी सहीराम निवासी गुढा विश्नोईयान, तहसील लूणी, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 20.12.2023 को अर्चना शेखावत मोडी जोशियां पटवारी द्वारा नियुक्ति पश्चात मकान किराया भत्ता हेतु प्रस्तुत किये गये आवेदन एवं स्वीकृति आदेश की प्रमाणित प्रतियां संबधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, लूणी) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, लूणी) से जरिये पत्रांक 37 दिनांक 28.03.2024 रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें बतलाया कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना कार्यालय पत्रांक 09 दिनांक 12.02.2024 के जरिये उपलब्ध करवा दी गई है। Signature Not Verified Digitally signed by Gaurav Agrawal Date: 2024.05.06 10:19:39 IST Reason: SelfAttested चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	